दिनांक 03.10.2023 समय 18.30

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – केन्द्र सरकार देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधी अपनी टिप्पणी पर राजस्थान उच्च न्यायालय में लिखित में माफी मांगी।
- उत्तर पश्चिम रेल्वे ने त्यौहारी मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिये गाड़ियों में डिब्बे बढाये।

और

- दक्षिण पश्चिम मॉनसून आज प्रदेश से पूरी तरह विदा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। आज छत्तीसगढ के जगदलपुर में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्चा बढाकर दस लाख करोड रुपये कर दिया गया है।

000

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब देश का हर राज्य, हर जिला और हर गांव विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में इस्पात उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने जगदलपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार 5 अक्टूबर को जोधपुर दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकपर्ण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा श्री मोदी जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री के दौरे के लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही है।

000

विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव तीन प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। भारत में अनेक बाहरी चुनौतियों के बावजूद, मजबूत आर्थिक वृद्धि जारी रहने के मददे नजर यह निर्णय लिया गया है। विश्व बैंक ने अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में 2023–24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान पहले के छह दशमलव छह प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया था।

000

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार ग्रामीण किसानों और उद्यमियों को सबसिडी तथा छोटे उद्यमी और व्यापारियों को ऋण सहायता दे रही है और इस बारे में जागरुक भी कर रही है। वित्त मंत्री ने आज तमिलनाडु के कोयम्बतूर में कैडिट आउट रीच कार्यकम के तहत ऋण बांटे। उन्होंने कहा कि आकांक्षी

जिलों को हर तरह की सरकारी सहायता में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्डधारक लोग भी सरकार से ऋण का आवेदन कर सकते हैं।

000

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधी अपनी टिप्पणी पर राजस्थान उच्च न्यायालय में लिखित में माफी मांगी है। पूर्व न्यायिक अधिकारी शिवचरण गुप्ता की ओर से लगायी गयी जनहित याचिका पर आज न्यायाधीश एजी मसीह और न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सुनवाई की। इस दौरान श्री गहलोत की ओर से वकील प्रतीक कासलीवाल ने जवाब में कहा कि कई पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की बात कही है। उनको कोट करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही थी। यह उनके स्वयं के विचार नहीं हैं। न्यायपालिका के प्रति उनका पूरा सम्मान है। फिर भी यदि उनके बयान से न्यायपालिका के सम्मान को ठेस लगी है तो वे इसके लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई 7 नवंबर तय की है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने कुछ दिन पहले मीडिया से बातचीत में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होने की बात कही थी।

000

भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करने के लिए जनता से सुझाव लेगी। इसके लिए पार्टी की ओर से कल से 'आपणो राजस्थान' सुझाव आपके, संकल्प हमारा' नाम से आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा कल इस अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी की ओर से 51 रथ विभिन्न जिलों में जाकर संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेंगे। इन रथों को श्री नड्डा कल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मेघवाल ने कहा कि विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प में पार्टी सभी वर्गों के सुझाव लेगी और संकल्प पत्र में शामिल करेगी।

000

राज्य सरकार ने 4 जिलों में पैनोरमा बनाने के लिए 18 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इस राशि से जयपुर में स्वामी आत्मारामजी लक्ष्य पैनोरमा और बीकानेर में राव बीकाजी पैनोरमा बनेगा। इनमें 4–4 करोड़ रुपए की लागत आएगी। साथ ही, अजमेर में पृथ्वीराज चौहान पैनोरमा तथा जैसलमेर के पोकरण में इंदिरा महाशक्ति भारत पैनोरमा का निर्माण होगा। इन पर 5–5 करोड़ रुपए व्यय होंगे। सभी कार्य पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन विकास कोष से करवाए जाएंगे।

000

आने वाले त्यौहारी सीजन को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई यात्री गाडियों में डिब्बे बढा दिये हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि आगामी दिनों में कई त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में यात्रियों का आवागमन बढ़ जाता है और कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट भी ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए यह फैसला किया गया है।

000

दक्षिण पश्चिम मॉनसून आज प्रदेश से पूरी तरह विदा हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मॉनसून औसत अवधि से तीन दिन की देरी से प्रदेश के बाकी रहे सभी भागों से लौट गया है। मौसम केन्द्र

जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की वापसी की रेखा इस समय गुलमर्ग, धर्मशाला, मुक्तेश्वर, पीलीभीत, औराई, अशोक नगर, इन्दौर, बडौदा और पोरबन्दर से गुजर रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में ठण्डक होने लगी है। सिरोही, सीकर, अलवर, बारां, भीलवाडा, हनुमानगढ सहित कई जिलों में पारा 20 डिग्री या इससे नीचे दर्ज होने लगा है। माउंट आबू में रात का तापमान 17 डिग्री तक आ गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना जतायी है।

000

रणथंभौर बाघ परियोजना के सीमावर्ती गांव खवा खाण्डोज के एक युवक की वन्य जीव के हमले में मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर आज सुबह सवाईमाधोपुर कुण्डेरा मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना के बाद पुलिस प्रशासनिक और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की ग्रामीणों के साथ वार्ता में सहमति के बाद मार्ग पर लगा जमा हटा दिया गया। मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

000

दौसा जिले के नांगल राजावतान में आज मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही पौधारोपण किया गया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने पौध रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पंच प्रण की शपथ भी दिलाई

000

राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता आज से बूंदी जिले के हिंडौली में शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने किया। ये प्रतियोगिता 17 वर्ष और 19 वर्ग आयु वर्ग में हो रही है। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से 106 टीमें भाग ले रही हैं। इसी तरह 17 वर्षीय छात्राओं की राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता बाड़मेर में शुरू हुई। राजस्थान गौ–सेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन ने इसका शुभारंभ किया। उधर गंगापुर सिटी में 17 और 19 वर्षीय छात्र–छात्राओं की राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने किया।

000

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के उत्तरी भागों में आज भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इनकी तीव्रता चार दशमलव छह और छह दशमलव दो थी। पहला झटका दो बजकर पच्चीशस मिनट पर और दूसरा दो बजकर इक्यानवन मिनट पर महसूस किया गया। राष्ट्रीय भू–विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में पांच किलो मीटर की गहराई में था। जयपुर, अलवर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी भूकम्प के झटके महसूस किए।

000

आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत बूंदी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र में आयुषमान सभा का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर ने नॉन कम्यूनिकेबल डिजिज के लक्षणों और बचाव के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के रोगी नियमित रूप से योग करके भ्रमण करके और संयमित आहार लेकर अपनी बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं।

000